
CMYK

RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स




वर्ष 22 | अंक - 04 | मुंबई, 05 फरवरी 2023 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## देसी पिस्टल और कारतूस के साथ शख्स गिरफ्तार

**मुंबई:** मुंबई क्राइम ब्रांच ने मुंबई के जोगेश्वरी इलाके से एक शख्स को देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 10 ने संतोष शिवाजी धनवडे नाम के शख्स को जोगेश्वरी इलाके से गिरफ्तार किया है. क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. क्राइम ब्रांच ने आरोपी को हिरासत में लेने के बाद मेघवाड़ी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच यूनिट 10 के अधिकारी को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हथियार सप्लाई करने के लिए मुंबई आ रहा है. उसके बाद क्राइम ब्रांच के अधिकारी पवई




की ओर जाने वाले रास्ते में दत्त टेकड़ी बस स्टॉप के पास जोगेश्वरी पूर्व इलाके में जाल बिछाकर आरोपियों का इंतजार कर रहे थे.31 जनवरी मंगलवार की रात मुंबई के जोगेश्वरी ईस्ट इलाके में एक शख्स किसी का इंतजार करता नजर आया. शक के बाद पुलिस को उस पर शक हुआ।पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पैंट से एक पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुआ.पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी के खिलाफ नवी मुंबई पुलिस थाने में पहले से ही चार मामले दर्ज हैं।

**मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 10 ने गिरफ्तार**




## मुंबई लोकल ट्रेन के सामने कूदकर मुख्य लोको पायलट ने की आत्महत्या

**मुंबई :** पश्चिम रेलवे के 57 वर्षीय मुख्य लोको निरीक्षक ने मुंबई के विले पार्ले स्टेशन पर लोकल ट्रेन के सामने कूदने के बाद पटरी पर लेटकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली. राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी को हुई यह घटना रेलवे स्टेशन पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. मृतक राकेश कुमार गौड़ के परिवार में उसकी पत्नी और दो बेटियां हैं. पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है और जांच जारी है.



## मुंबई में चला 100 दुकानों पर BMC का बुलडोजर, दुकानदारों को हुआ नुकसान

**मुंबई :** मुंबई महानगरपालिका के पी उत्तर विभाग ने पठानवाड़ी रोड पर 50 वर्ष से अधिक पुरानी 100 दुकानों को बुलडोजर से तोड़ दिया। यहां प्रस्तावित 18.30 मीटर रोड को चौड़ा करने के लिए इन दुकानों को तोड़ा गया। बीएमसी की तोड़क कार्रवाई के खिलाफ लोगों ने जम कर विरोध किया। एमएच पठान मार्ग पर लगभग 152 से अधिक दुकानें जिसके बारे में कहा जा रहा है कि वह रोड वाइडनिंग के बीच में आ रही हैं। स्थानीय दुकानदारों ने आरोप लगाया कि पी नॉर्थ



विभाग के अधिकारी रोड़ का मार्किंग फाइनल किए बिना मनमानी तरीके से दुकानों का तोड़ा है।

महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने दुकानों को नहीं तोड़ने के लिए स्टे दिया था। बीएमसी के साथ सुनवाई में आयोग ने ज्वाइंट निरीक्षण के बाद कार्रवाई करने के लिए कहा था,लेकिन अधिकारी स्वयं को आयोग से भी बड़ा समझ कर उसके आदेश की अवहेलना किए।

न्यू मालाड व्यापारी मंडल ने आरोप लगाया कि बीएमसी अधिकारी डीजीएस डेवलपर द्वारा सड़क पर किए गए अवैध अतिक्रमण को बचाने के लिए सड़क की मार्किंग स्लम की तरफ बढ़ा रहे हैं। बिल्डर द्वारा सड़क के हिस्से में बनाए गए अवैध गेट और ओटला को बचाने के लिए सड़क की चौड़ाई झोपडों की तरफ बढ़ा रहे हैं। डीजीएस बिल्डर को महानगरपालिका DCR रूल 17(2) के तहत रोड़ से 9 मीटर जगह सेटबैक छोड़कर बिल्डिंग बनाना था, लेकिन डेवलपर वहां जगह ही नहीं छोड़ी। सेटबैक की जगह भी कब्जा कर लिया।

## 200 रुपये के नकली नोट छापने वाला पेंटर गिरफ्तार, 60 हजार की फेक करेंसी जब्त


**मुंबई,** पुलिस ने एक 33 वर्षीय व्यक्ति को जाली नोट छापने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, देश की आर्थिक राजधानी में नकली नोटों की खेप पकड़ी गई है। शहर की मालवणी पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को नकली करेंसी के साथ पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी का नाम हनीफ शेख है और वह पेशे से पेंटर है। पुलिस को उसके कब्जे से 60 हजार रुपये के नकली नोट मिले है। दिलचस्प बात यह है की सभी नकली नोट 200 रुपये मूल्य वाले है। पुलिस ने इन सभी बरामद नोटों को आगे की जांच के लिए भेजा है।

मालवणी पुलिस आरोपी हनीफ शेख से पूछताछ कर उसके पूरे नेटवर्क के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस मामले की आगे की जांच जारी है। आने वाले दिनों में इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती है।




गौरतलब हो कि नवंबर 2022 में मुंबई से सटे ठाणे जिले में घोड़बंदर रोड से क्राइम ब्रांच ने 8 करोड़ रुपये के नकली नोटों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया था। ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट-5 ने गायमुख इलाके के पास आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा था। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से 2000 रुपए के नकली नोटों के 400 बंडल बरामद किए थे। इस मामले में कसारवडावली थाने में केस दर्ज किया गया है।

CMYK



## संपादकीय

# सबक सीखने का समय

पेशावर की एक मस्जिद में आत्मघाती हमले में करीब सौ लोगों की मौत यही बता रही है कि पाकिस्तान आर्थिक रूप से जितना खस्ताहाल है, उतना ही सुरक्षा की दृष्टि से भी। उसकी स्थिति यही बता रही है कि वह चौतरफा संकट से घिर गया है और बचने के रास्ते दिख नहीं रहे हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि उसके दिवालिया होने की आशंका बढ़ती जा रही है। पाकिस्तान पहुंची अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने जो शर्तें रखी हैं, उन्हें मानना उनके लिए आसान नहीं। यदि वह ये शर्तें मानते हैं तो उनकी सरकार अलोकप्रियता की तली पर आ लगेगी और अगर वह शर्तें मानने से मना करते हैं तो देश के दिवालिया होने का खतरा है। इसी कारण यह कहा जा रहा है कि पाकिस्तान एक ओर कुआं और दूसरी ओर खाई वाली स्थिति में पहुंच गया है। पता नहीं वह इस स्थिति से कैसे उबरेगा, लेकिन भारत को उसकी बिगड़ती स्थितियों से सावधान रहना चाहिए। यदि पाकिस्तान की आर्थिकी और बिगड़ती हैं तो वैसी ही स्थिति बन सकती है, जैसी एक समय पूर्वी पाकिस्तान यानी आज के बांग्लादेश की बनी थी और वहां के लाखों नागरिक भारत आ गए थे। स्पष्ट है कि भारत को पाकिस्तान की बिगड़ती स्थितियों से सतर्क रहना होगा। इसलिए और भी, क्योंकि पाकिस्तान मामलों के विशेषज्ञ इसी निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि उसके बिगड़े हालात से पूरा क्षेत्र प्रभावित हो सकता है। पाकिस्तान की अस्थिरता से भारत अप्रभावित रहे, इसके लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाने होंगे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि एक अस्थिर और अराजक पाकिस्तान अपने पड़ोसी देशों के लिए कहीं अधिक खतरनाक सिद्ध होगा। इसलिए और भी, क्योंकि वह एक परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र है और उसके यहां न जाने कितने आतंकी गुट पल रहे हैं। पाकिस्तान की स्थितियों से न केवल सावधान रहना होगा, बल्कि उन कारणों पर भी गौर करना होगा, जिनके चलते उसकी यह दुर्दशा हुई। वैसे तो उसकी दुर्दशा के कई कारण हैं, लेकिन एक प्रमुख कारण आर्थिक नियमों की अनदेखी कर रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देना भी है। रेवड़ी संस्कृति के कारण अन्य अनेक देश भी आर्थिक रूप से तबाह हुए हैं। विडंबना यह है कि इसके बाद भी भारत में कुछ राजनीतिक दल इस संस्कृति को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। एक ऐसे समय जब आर्थिक चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं और आर्थिक सर्वेक्षण भी उनकी ओर संकेत कर रहा है, तब यह ठीक नहीं कि रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ उसकी वकालत भी की जाए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि फिलहाल ऐसा ही हो रहा है। यह सही है कि पाकिस्तान से दूरी बनाए रखने में ही भलाई है, लेकिन उससे यह तो सीखा ही जाना चाहिए कि आर्थिक मोर्चे पर क्या नहीं किया जाना चाहिए?

# पिता बेटे को दे सकता है सिर्फ इतने रुपए का गिफ्ट
# जानिए इनकम टैक्स का नियम

*देश के मौजूदा इनकम टैक्स कानूनों के तहत किसी भी व्यक्ति को उपहार देने पर कोई प्रतिबंध नहीं है. हालांकि, कुछ मामलों में कई तरह के उपहार आयकर कानून के दायरे में आते हैं जैसे बहू और किसी के जीवनसाथी को दिए गए उपहार, हस्तांतरित संपत्ति के कारण होने वाली आय को उपहार के तौर देने के मामले टैक्स के दायरे में आते हैं.*

लेकिन एक पिता किस हद तक अपने बेटे को उपहार दे सकता है, क्या कोई पिता अपने बेटे को फ्लैट खरीदकर उपहार दे सकता है, इस पर कानून क्या कहता है, यह जानने के लिए हमने इनकम टैक्स के जानकारों से राय ली.

भारतीय कर कानूनों के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा प्राप्त उपहार, आमतौर पर उस समय कर योग्य हो जाते हैं जब एक वर्ष के अंदर प्राप्त किए गए इन उपहारों की कीमत 50,000 रुपये से ज्यादा हो जाती है. जब इन गिफ्ट्स की कीमत 50 हजार रुपये से कम रहती है, तो ये टैक्स के दायरे से परे होते हैं.

इसे ऐसे समझ सकते हैं कि अगर आपको एक वित्त वर्ष में 50,000 रुपये तक के उपहार मिलते हैं तो इस पर आपको कोई टैक्स नहीं देना होगा. हां, अगर गिफ्ट की कीमत 50 हजार के सीमा को जैसे ही क्रॉस करती है तो पूरे कीमत पर टैक्स देना होगा. माना आपको एक वित्त वर्ष में 60 हजार रुपये के उपहार मिले तो 60 हजार



रुपये आपकी इनकम में जोड़ लिए जाएंगे.

हालांकि, इनमें भी कुछ अपवाद हैं. कुछ मामलों में 50,000 रुपये अधिक कीमत के उपहार भी टैक्स फ्री होते हैं. इनमें कुछ खास रिश्तेदारों से मिले उपहार आते हैं. जैसे एक पिता अपने बेटे को या एक बेटा अपने पिता कितनी भी राशि का उपहार दे सकते हैं. ये उपहार टैक्स के दायरे में नहीं आते हैं.

इनकम टैक्स में रिश्तेदारों से मिलने वाले उपहार टैक्स छूट के दायरे में आते हैं. पति, पत्नी, भाई, बहन, पति और पत्नी के भाई-बहन समेत खून के रिश्ते वालों से मिलने वाला उपहार भी टैक्स छूट के दायरे में आता है.

शादी के समय मिलने वाले उपहार पर भी किसी तरह का कोई टैक्स नहीं लगता है. साथ ही विरासत या वसीयत में मिले उपहार पर टैक्स नहीं देना होता है. लेकिन शादी के अलावा किसी अन्य अवसर जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह, मकान का मुहूर्त आदि पर गैर रिश्तेदारों से मिले उपहार 50 हजार की लिमिट पार करते ही टैक्सेबल हो जाते हैं.

इनकम टैक्स के मुताबिक, एक पिता अपने बेटे को या फिर एक बेटा अपने पिता को कितनी भी कीमत का उपहार दे सकता है. यह उपहार कर मुक्त होता है. इस उपहार के लिए कोई कानूनी कार्रवाई की जरूरत नहीं होती है.

इनकम टैक्स भरने वालों की बल्ले- बल्ले, अब नहीं देना होगा टैक्स

# मुंबई लोकल ट्रेन में वकीलों की दादागिरी, सीट पर पैर रखकर बैठे और -हम वकील हैं... ऐसे ही बैठेंगे

**मुंबई** : वैसे तो सोशल मीडिया पर मनोरंजन के कई वीडियो वायरल होते रहते है, लेकिन यही एक ऐसा माध्यम भी है जहां लोगों का पदार्फाश भी होता है, जिनके कारनामे आम जनता को दिखाए जाते है। जी हां हाल ही में मुंबई लोकल ट्रेन में कुछ ऐसा ही हुआ है जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**मुंबई लोकल ट्रेन में वकीलों का दुर्व्यवहार**

जैसा कि आप वायरल हो रहे इस वीडियो में देख सकते है कि एक शख्स के साथ यात्री कपल से बहस कर रहा है। दरअसल, लड़की सामने के सीट पर पैर फैलाकर बैठी थी, जिसके बाद सामने बैठे एक दूसरे यात्री से बहस करने लगी। शख्स ने उनसे पैर हटाना की अपील की लेकिन वे नहीं माने। ये पूछे जाने पर कि वे कौन हैं तो उन्होंने कहा कि वे एक वकील हैं और ट्रेन में पैर फैलाकर ही बैठेंगे। इस घटना की वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। शिकायत करने वाले यात्री ने इस घटना को अपने फोन कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया, जो



अब तेजी से वायरल हो रहा है।

**वायरल हुआ वीडियो**

जिस महिला ने अपने पैर फैलाए हुए थे, वीडियो के अंत में उसके सामने यात्री से कैमरा छीनने की कोशिश करती है। यात्री ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट किया और घटना को उनके संज्ञान में लाने के लिए मुंबई पुलिस और मध्य रेलवे को टैग भी किया है। वीडियो लेने वाले यात्री प्रशांत वायदांडे ने ट्विटर पर लिखा है.

आपको बता दें कि बवाल होने के बाद इस घटना के बाद मुंबई पुलिस ने भी जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, लोग इस पोस्ट पर जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं।

ऐसे में एक यूजर ने लिखा, आपने जो किया सही किया। अन्य एक यूजर ने लिखा, वकील हैं लेकिन तमीज नाम की चीज नहीं है। वहीं, एक और यूजर ने लिखा, ऐसे लोगों को ट्रेन से बाहर निकाल देना चाहिए। बता दें कि इस वीडियो को अब तक हजारों लोग देख चुके है, इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है।



## बिना सिम कार्ड के 10 हजार से ज्यादा कॉल

# मुंबई पुलिस का भी सिर चकराया, मालाड से अरेस्ट हुआ आरोपी

**मुंबई:** एक युवक ने पिछले दो साल से मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम को दस हजार से ज्यादा कॉल्स कीं और वह भी बिना सिम कार्ड के। क्राइम ब्रांच ने इस युवक को पकड़ा, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया, क्योंकि वह मानसिक रूप से बीमार था। इस युवक ने कुछ साल पहले कभी किसी महिला को कॉल लगा दिया था, इसलिए वह महिला युवक के परिवार में झगड़ा करने आ गई थी। इसके बाद युवक के पिता ने मोबाइल से सिम कार्ड निकाल दिया और अपने बेटे को दे दिया। बेटा मोबाइल में ऐसे ही कुछ बटन दबाता रहता था। एक दिन उसके मोबाइल में 100 नंबर दब गया। 100 नंबर पूरे देश में पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर होता है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम की किसी महिला सिपाही ने कॉल उठाया, लेकिन सामने वाले ने कोई जवाब नहीं दिया। धीरे-धीरे फिर और कॉल्स आने लगे। हर बार सामने वाला कुछ बोलता ही



नहीं था, लेकिन उसे महिला पुलिस कर्मियों की 'हैलो, हैलो' की आवाज बहुत अच्छी लगती थी। पुलिस कंट्रोल रूम में काम करने वाले पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों को इस बात की ट्रेनिंग दी गई है कि वह एक तो सामने वाले की कॉल कट नहीं करेंगी, दूसरे उनसे ऊंची आवाज में कभी बात नहीं करेंगी। उन्हें धैर्य रखने और विनम्र रहने की ट्रेनिंग दी गई है। यदि सामने वाला गाली दे रहा है या अश्लील बात कर रहा है, तो भी उसे यह तो चेतावनी दी जाएगी, कि उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है या की जाएगी, लेकिन कंट्रोल रूम में खुद पुलिस अपनी सीमा नहीं लांघेगी।

**बिना सिम कार्ड के 100 नंबर या इमरजेंसी नंबर लग सकता है**

कई महीने तक बिना किसी बातचीत के कॉल करने वाले ने धीरे-धीरे जब कंट्रोल रूम में काम करने वाली महिला सिपाहियों से अश्लील बातचीत करने की कोशिश की, तब मामला जांच के लिए सीआईयू के चीफ मिलिंद काठे की टीम के पास गया। जांच के कई दिनों तक सीआईयू को कॉल करने वाले का कोई नंबर ही नहीं पता चल रहा था। चूंकि कंट्रोल रूम का 100 नंबर लैंडलाइन से जुड़ा है, इसलिए जांच टीम ने एमटीएनएल से मदद मांगी। एमटीएनएल के इंजिनियरों ने कहा कि अब जब कंट्रोल रूम में कॉल आए, तो कॉल आने का पक्का समय नोट कर लेना।

# पीएफआई के 5 सदस्यों के खिलाफ आरोपपत्र दायर



**मुंबई :** महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने प्रतिबंधित संगठन 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई ) के पांच सदस्यों के खिलाफ बृहस्पतियार को आरोपपत्र दायर किया जिन्हें पिछले साल सितंबर में छापेमारी के बाद देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और राष्ट्र के खिलाफ युद्ध छेड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। आरोपपत्र विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल के समक्ष दायर किया गया। पांचों लोगों पर कठोर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम ) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत विभिन्न अपराधों से जुड़े आरोप लगाए गए हैं, जिसमें विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और राज्य के खिलाफ अपराधों की साजिश रचना भी शामिल है। पिछले साल सितंबर में महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में देशव्यापी छापेमारी में कट्टरपंथी इस्लामी समूह के 100 से अधिक कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद, 27 सितंबर को जारी एक अधिसूचना के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि संगठन और उसके सहयोगी विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

## भिवंडी में ठगी, लिंक के जरिए ठगे 10 लाख




**भिवंडी :** एक व्यवसायी से बैंक लिंक मांगकर 9 लाख 94 हजार 394 रुपए ठग लिए गए। क्योंकि वह एयर कंडीशनिंग सिस्टम और इसकी सामग्री मंगवाने के लिए एडवांस पैसा भेजना चाहता था। जानकारी के अनुसार संदीप कांबले का एसी सर्विसिंग के नाम से कारोबार है। एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल फोन पर संपर्क कर कहा कि वह आर्मी कैटिंग के लिए सामग्री खरीदना चाहते हैं। माल मंगवाते समय संदीप कांबले का बैंक लिंक एडवांस पेमेंट के लिए मांगा गया। लिंक देने के बाद अज्ञात व्यक्ति ने संदीप कांबले से बिना कोई आदेश दिये दो बैंक खातों से 9 लाख 94 हजार रुपए की राशि निकाल लिये। ठगी का शिकार हुए संदीप शिकायत पर इस मामले में शांतिनगर पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

## भिवंडी में वाहन चोरी के साथ अब साइलेंसर भी चोरी

**भिवंडी :** भिवंडी पुलिस क्षेत्र में आए दिन वाहन चोरी की घटनाएं होती रहती हैं, अब चोरों ने वाहनों का साइलेंसर चोरी करने का नया धंधा खोल दिया है। अज्ञात चोरों ने दो कारों का साइलेंसर और दूसरी घटना में अज्ञात चोर द्वारा एक आटोरिक्शा चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार शांतिनगर पुलिस स्टेशन के रामनगर इलाके में दत्ता कांबले की मारुति सुजुकी सुपर कैरी कार नंबर (MH 04 KF 6457) और सागर किसन राउत की कार नंबर (MH 04 KU 1371) इसी मेक की कार को उसी इलाके के साईबाबा मंदिर में पार्क किया गया था। रात के अंधेरे में इन दोनों कारों से अज्ञात चोरों ने 30-30 हजार रुपए कीमत के साइलेंसर चोरी कर लिए हैं।

# मुंबई के 36 स्टेशनों का होगा मेकओवर, अमृत भारत योजना में राज्य के 141 स्टेशन शामिल

**मुंबई :** यात्रियों को अधिक सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन की योजना बनाई गई है। बुधवार को पेश किए गए केंद्रीय बजट में रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक राशि खर्च किए जाने का प्रावधान किया गया है। बताया गया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश भर 1,275 छोटे बड़े और मध्यम स्टेशनों के पुनर्विकास किया जाएगा। इनमें मुंबई के 36 उपनगरीय स्टेशनों सहित राज्य भर के 141 छोटे बड़े स्टेशनों के समावेश किया गया है।

**मुंबई के कई स्टेशनों का मेकओवर**

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन अभियान में मुंबई सीएसएमटी सहित मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे के 35 से ज्यादा उपनगरीय स्टेशन शामिल हैं। भायखला, चिंचपोकली, परेल, दादर, कुर्ला, घाटकोपर, भांडुप, मुलुंड, ठाणे, मुम्ब्रा, दिवा, डोम्बीवली, कल्याण, अंबिवाली, टिटवाला,



शहद, कर्जत के अलावा पश्चिम रेलवे के बांद्रा, चर्चगेट, मुंबई सेंट्रल, जोगेश्वरी, बोरीवली, अंधेरी, मलाड आदि स्टेशनों के समावेश किया गया है। इस वर्ष कई स्टेशनों के कायाकल्प का प्रस्ताव है।

**सीएसएमटी से होगी शुरूआत**

19 जनवरी को सीएसएमटी के रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट का डिजिटली शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी कर चुके हैं। देश के सबसे व्यस्त स्टेशन सीएसएमटी के कायाकल्प के लिए 1,813 करोड़ रुपए की योजना बनी है। सीएसएमटी सहित देश के कई स्टेशनों को मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनाया जा रहा है।




# कैसे पकड़े गए थे आसाराम...

## किसी थ्रीलर मूवी से कम नहीं आश्रम से जेल पहुंचने तक की ये कहानी

जयपुरः सितंबर 2013 से पहले आसाराम पूरे देश में एक प्रख्यात संत और धार्मिक गुरु के रूप में जाने जाते थे। उनके प्रवचन सुनने के लिए हर सत्संग में हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ती थी। महिलाओं, बच्चों और युवाओं भीड़ भी प्रवचन सुनने के लिए आती थी। विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री और अफसर हाथ जोड़कर उन्हें झुककर प्रणाम करते थे। साल 2013 में शाहजहांपुर की एक नाबालिग लड़की ने आसाराम के खिलाफ दिल्ली में यौन शोषण का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। चूंकि घटना स्थल जोधपुर का बताया गया था। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने जीरो नम्बर की एफआईआर दर्ज करते हुए इस एफआईआर को जोधपुर पुलिस के पास भेजा। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन डीसीपी अजय पाल लाम्बा ने इस प्रकरण की जांच शुरू की। एक प्रख्यात संत और धार्मिक गुरु को पकड़ना आसान नहीं था। लाखों अनुयायियों और कानून व्यवस्था को संभालना भी पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती थी। जोधपुर पुलिस की कार्रवाई के कारण ही आसाराम पिछले 10 साल से जेल की सलाखों के पीछे हैं। आसाराम की गिरफ्तारी किसी थ्रीलर फिल्म से कम नहीं थी। जानिए पूरा घटनाक्रम...

जैसे ही आसाराम के खिलाफ नाबालिग से यौन उत्पीड़न का प्रकरण दर्ज हुआ तो संतों और भक्तों में खलबली मच गई। चूंकि देश विदेशों में आसाराम के करोड़ों भक्त हैं, जो उन पर आंख मूंद कर भरोसा करते थे। आसाराम को भी पता लग गया कि पुलिस उन्हें कभी भी गिरफ्तार कर सकती है। ऐसे में वे हर वक्त भक्तों की भीड़ के बीच रहने लगे। 27 अगस्त 2013 जोधपुर पुलिस पूछताछ करने के लिए इंदौर पहुंची तो आसाराम भक्तों को प्रवचन देने बैठ गए। पुलिस दिनभर इंतजार करती रही। भक्तों की भीड़ ने पुलिस को घेर लिया और नारेबाजी की। दो दिन तक पुलिस के कुछ अधिकारी इंदौर में ही डटे रहे। दो दिन के प्रवचन के बाद आसाराम आश्रम में आराम कर रहे थे, उसी दौरान पुलिस उनके पास पहुंच गई।

इंदौर आश्रम से आसाराम को हिरासत में लेने के बाद जोधपुर पहुंचना पुलिस के लिए काफी मुश्किल था। हजारों की भीड़ ने



पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया और आसाराम को निर्दोष बताया। लेकिन तमाम विरोध के बावजूद बड़ी सतर्कता से पुलिस आसाराम को हिरासत में लेकर जोधपुर आई। पूछताछ के बाद 31 अगस्त 2013 की शाम को जोधपुर पुलिस ने आसाराम को गिरफ्तार कर लिया। आसाराम की गिरफ्तारी के साथ ही उनके बुरे दिन शुरू हो गए। आश्रम की कुछ अन्य लड़कियों ने भी आसाराम के खिलाफ यौन दुराचार के मुकदमें दर्ज कराए। दो बहनों ने जोधपुर पुलिस में आसाराम और उनके बेटे नारायण सांई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि वर्ष 2001 से लेकर 2006 तक आसाराम और उसके बेटे नारायण सांई ने कई बार उनका यौन शोषण किया। दिसंबर 2013 में जोधपुर पुलिस ने नारायण सांई को भी गिरफ्तार कर लिया।

आसाराम और उनके बेटे की गिरफ्तारी के बाद धमकियों का सिलसिला शुरू हो गया। आसाराम के अनुयायियों ने ना केवल गवाहों को धमकियां दीं, बल्कि पुलिस अफसरों और जजों तक को धमकाया। एक जज को तो धमकी देते हुए कहा कि अगर आसाराम को जमानत नहीं दी तो अच्छा नहीं होगा। सूरत की जिस लड़की ने आसाराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया, उसके पति पर फरवरी 2014 में जानलेवा हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला करते हुए पीड़िता के पति को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आसाराम केस में कई गवाहों की हत्याएं कर दी गई। आसाराम के आश्रम के एक कुक (खाना बनाने वाला कर्मचारी) अखिल गुप्ता ने आसाराम के खिलाफ गवाही दी थी। अज्ञात बदमाशों ने अखिल गुप्ता की हत्या कर दी। आसाराम के निजी आयुर्वेद डॉक्टर अमूर्त प्रजापति को राजकोट में अज्ञातन लोगों ने गोली मार दी थी। दो महीनें बाद प्रजापति की मौत हो गई। अमूर्त प्रजापति भी आसाराम के खिलाफ दर्ज केस में गवाह थे। आसाराम के आश्रम के एक और निजी चिकित्सक राहुल के सच्चन को कोर्ट परिसर में आसाराम के अनुयायियों ने चाकू मार दिया था। नवम्बर 2015 से अब तक राहुल के सच्चन लापता हैं। एक अन्य गवाह महेन्द्र चावला को भी पानीपत में गोली मार दी गई थी। महेन्द्र ने आसाराम के खिलाफ कई सबूत पुलिस को दिए थे। शाहजहांपुर के कृपाल सिंह की भी हत्या कर दी गई थी।

बलात्कार केस में आसाराम को जमानत के लिए देश के नामी वकीलों ने केस लड़ा और सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जियां पेश की। देश के जाने माने वकील सुब्रमण्यम स्वामी और रामजेठ मलानी जैसे नामी वकीलों ने आसाराम की जमानत के प्रयास किए लेकिन ये सब विफल रहे। जनवरी 2017 में फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट पेश करके सुप्रीम कोर्ट से जमानत के प्रयास किए लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों को कड़ी फटकार लगाई। बलात्कार के आरोप में पुलिस ने आसाराम के साथ उनके बेटे नारायण सांई, सेवादार शिवा ऊर्फ सवाराम, रसोइया प्रकाश द्विवेदी, सहयोगी शिल्पी ऊर्फ संचिता गुप्ता और शरदचंद्र को भी गिरफ्तार किया था।

# देश में 400 आश्रम, 2300 करोड़ की संपत्ति

## आसाराम बापू ने आखिर कैसे खड़ा किया ये विशाल साम्राज्य?

आसाराम बापू को अहमदाबाद की अदालत ने सगी बहनों से रेप के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. किसी समय पैसों और प्रसिद्धि के मामले में शिखर पर रहने वाला आसाराम अब जेल से बाहर आने के लिए तरस रहा है. चौथी क्लास तक पढ़े आसाराम ने धर्म गुरू का आडंबर रचकर इतनी दौलत बटोरी कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट भी रह गया. वर्ष 2016 में जब डिपार्टमेंट ने उसकी प्रॉपर्टी की जांच की तो 2300 करोड़ रुपये का बड़ा साम्राज्य, 400 आश्रम, लाखों अनुयायी और उसके नाम पर बिक रहे कई ब्रांड के उत्पाद मिले. आखिर आसाराम ने यह सब कारनामा कैसे कर डाला. आज हम इसकी परत दर परत आपको बताते हैं.

आसाराम का जन्म वर्ष 1941 में पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक साधारण परिवार में हुआ था. उसके बचपन का नाम असुमल हरपलानी था. जब देश का बंटवारा हुआ तो आसाराम अपने परिवार के साथ भारत के गुजरात में आ गया. यहां पर आकर उसने गुजारा करने के लिए तांगा चलाया. अपने चार दोस्तों के साथ शराब की स्मगलिंग की. साइकल की दुकान में काम किया और अपनी चाय की दुकान खोली. चाय की दुकान चलाने के दौरान उसने दाढ़ी बढ़ा ली. इसके बाद असुमल हरपलानी ने कच्छ के एक संत लीला शाह बाबा के आश्रम में जाना शुरू किया. कुछ समय बाद असुमल






ने अपने आपको उनका शिष्य घोषित कर अपना नाम आसाराम बापू कर लिया. इसके साथ ही उसने लोगों को अपने आडंबर में फंसाने का खेल शुरू कर दिया. उसने सबसे पहले अहमदाबाद के मोटेरा में अपना पहला आश्रम बनाया. लोगों की अंधश्रद्धा की वजह से जल्द ही उनके काफी अनुयायी बन गए. पहला आश्रम सफलतापूर्वक स्थापित होने के बाद आसाराम ने अपने नेटवर्क का विस्तार करना शुरू किया और कुछ ही सालों में देशभर में 400 से ज्यादा आश्रम बना लिए. इन आश्रमों को बनाने के लिए जमीन आसाराम ने अपने अनुयायियों को बहला-फुसलाकर हासिल की. इसके साथ ही कई जगह अतिक्रमण करके भी जमीनों पर कब्जा किया गया.

आसाराम जगह-जगह कथा करने का आडंबर रचता था. इन कथाओं को करवाने के नाम पर आयोजकों से भारी-भरकम फीस ली जाती थी. इसके साथ ही अनुयायियों से हर महीने आश्रमों को चलाने के नाम पर नियमित रूप से चंदा लिया जाता था. बड़े त्योहारों पर आश्रम में कई प्रकार के कार्यक्रम किए जाते थे, जिसमें आसाराम की कमाई कई गुना बढ़ जाती थी. यह सारा पैसा आसाराम के ट्रस्टों में आता था.

आसाराम ने अपने नाम से कई उत्पादों की सीरीज भी उतारी, जिसे उन्हें अनुयायी बड़े चाव से खरीदते थे. ऐसा करके धीरे-धीरे उसके पास रुपये-पैसों का अंबार लगता चला गया. आसाराम ने अपने इस पैसे को कई विदेशी कंपनियों में लगाकर वहां से मोटा मुनाफा कमाया. इनकम टैक्स की जांच में सामने आया कि धर्मगुरु का चोला ओढ़कर आसाराम ने हर वो काला काम किया, जिसकी कोई उम्मीद नहीं कर सकता था. लेकिन आखिरकार उसका भी बुलबुला फूट गया और वे लंबे वक्त के लिए जेल के सींखचों के पीछे पहुंच गया.



# दिन भर मस्जिदों के सामने महिला मांगती थी भीख

## पुलिस ने किया पीछा तो सामने आया ये काला सच

संयुक्त अरब अमीरात में भीख मांगने का ऐसा मामला सामने आया जिसे देखकर अबू धाबी पुलिस भी हैरान हो गई. भीख मांगना संयुक्त अरब अमीरात में अपराध की श्रेणी में आता है. पुलिस ने ने यहां एक महिला भिखारी को पकड़ा. इस महिला के पास से पुलिस को एक लग्जरी कार और ढेर सारा कैश मिला.

रोज महिला शहर के मस्जिदों के सामने भीख मांगती और भीख मांगने के बाद अपने घर लग्जरी कार से जाती. महिला पर भीख मांगने का शक जब एक शख्स को हुआ तो उसने पुलिस को इस बारे में बताया. खलीज टाइम्स की एक रिपोर्ट की माने तो अबू धाबी के रहने वाले एक शख्स को शक हुआ कि महिला इलाके के मस्जिदों में भीख मांग रही है. जिसके बाद शख्स ने पुलिस में इस बात की जानकारी दी. मामले की जांच करते हुए पुलिस ने इसकी निगरानी की और पुलिस के सामने चौंकाने वाली बात सामने आई.

शहर के अलग-अलग मस्जिदों में महिला दिन भर भीख मांगती. महिला बहुत दूर तक पैदल भीख मांगने के बाद चलकर जाती थी. पुलिस ने महिला का पीछा कि-



या तो पता चला कि महिला के पास महंगी लग्जरी कार है. भीख मांगने के बाद महिला लग्जरी कार को ड्राइव करके घर जाती है. पुलिस ने महिला को पकड़ा जिसके बाद महिला के पास से ढेर सारा पैसा बरामद हुआ. महिला के खिलाफ पुलिस ने सख्त से सख्त कार्रवाई की है.

अबू धाबी पुलिस का कहना है कि 6 नवंबर से 12 दिसंबर के बीच पिछले साल 159 भिखारियों को गिरफ्तार किया गया था.पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भीख मांगना एक सामाजिक अभिशाप है. भीख मांगना समाज में एक असभ्य है. साथ ही संयुक्त अरब अमीरात में यह एक अपराध की श्रेणी में आता है.भिखारी धोखाधड़ी का काम करते हैं. वह लोगों की भलाई का फायदा उठाते हैं और उन्हें धोखा देते हैं.

बता दें कि भीख मांगने पर सजा का भी प्रावधान यूएई में है. तीन महीने की जेल और पांच हजार दिरहम (करीब एक लाख 11 हजार रुपये) जुमार्ना या दोनों में से कोई एक भीख मांगने पर व्यक्ति को पकड़े जाने पर देना पड़ सकता है.

छह महीने की जेल और एक लाख दिरहम (करीब 22 लाख 17 हजार रुपये) का जुमार्ना उस व्यक्ति को होता है जो संगठित रूप से अपना गिरोह चलाकर भीख मांगता है.

## इंस्टाग्राम देखकर फेमस होने की चाह, 12 साल की लड़की ने छोड़ा घर, पुलिस ने 8 घंटे में ढूंढ निकाला



**मुंबई :** मुंबई के बोरीवली पश्चिम MHB पुलिस के कान तब खड़े हो गए, जब एक पिता रिपोर्ट लिखवाने थाने पहुंचा. उन्होंने पुलिस को बताया, उनकी 12 साल की नाबालिग बेटी ट्यूशन के लिए घर से निकली थी पर वहां पहुंची नहीं. मुंबई पुलिस के नियमों के मुताबिक 16 साल से कम उम्र के बच्चों के गुमशुदगी मामले में अपहरण का मामला दर्ज करके गुमशुदा की तलाश की जाती है. जानकारी मिलने के बाद बोरीवली की एमएचबी पुलिस ने निर्भया स्क्वाड सहित अलग अलग टीमों को तैनात कर लड़की की तलाश शुरू की. जानकारी के मुताबिक दहिसर पश्चिम इलाके की रहने वाली 12 वर्षीय नाबालिग लड़की सुबह 10 बजे घर से ट्यूशन जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वो ट्यूशन नहीं पहुंची. घर वालों ने आस- पास के इलाकों में ढूंढने के बाद एमएचबी पुलिस में मिसिंग का मामला दर्ज कराया. जिसके बाद टल्इ पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी की जांच की. बोरीवली एमएचबी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कई टीम बनाकर आसपास के इलाकों की छानबीन शुरू कर दी. पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़की के पास मोबाइल फोन नहीं था, जिसकी वजह से उसकी लोकेशन को ढूंढना कठिन था, लेकिन तलाश शुरू करने के लगभग 8 घंटे की जांच में पता चला कि लड़की बोरीवली स्टेशन के आस पास है. MHB पुलिस की टीम तत्काल बोरीवली पहुंची और लड़की को साथ लेकर पुलिस स्टेशन आई.

## मुंबई में सीए ने किया सुसाइड, पुलिस ने बताई आत्महत्या के पीछे की वजह



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) ने अपने दोस्त के रिसॉर्ट में कथित रूप से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है।उसके खिलाफ कुछ दिन पहले बलात्कार के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यहां बताया कि सीए चिराग वरैया (45) ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें लिखा है कि उनकी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। अधिकारी ने कहा कि इगतपुरी में रिसॉर्ट की देखभाल करने वाले शख्स ने सोमवार रात को वरैया को फंदे से लटका पाया, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। मुंबई की भांडुप पुलिस ने 10 जनवरी को वरैया के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया था जिसके बाद उसने जांच में सहयोग किया था। अधिकारी ने बताया कि उसने जांच अधिकारी को आश्वस्त किया था कि जब भी जरूरत पड़ेगी तब वह थाने आएगा। इगतपुरी के एक पुलिस अधिकारी ने कहा, यह आत्महत्या का मामला है। हमें कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। प्राथमिक सूचना के आधार पर हमने दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज की है।

## पालघर जिले में मजदूर पति से छुटकारा पाना चाहती थी महिला

### फिर उसने शख्स से मिलकर सिर और गर्दन पर किया वार

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक पुलिस ने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है. पुलिस ने बुधवार को कहा कि मुंबई के एक 35 वर्षीय मजदूर की पत्नी को गिरफ्तार किया गया है. पिछले दिनों मजदूर का शव महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक खाड़ी में मिला था. पुलिस ने कहा, इस मामले में कथित तौर पर मजदूर की हत्या के आरोपी एक दंपति को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बताया आरोपी महिला अपने मजदूर पति से पीछा छुड़ाना चाहती थी. पति को मारने के लिए महिला ने एक 40 साल के शख्स और उसकी 28 वर्षीय पत्नी को मारने की सुपारी दी




थी. मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस की क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने बताया, आरोपी मुंबई के गोरेगांव के रहने वाले हैं और मजदूर भी उसी इलाके में रह रहा था.

**27 जनवरी को सड़ी हुई लाश मिली**

अधिकारी ने कहा कि 27 जनवरी को पालघर के नायगांव के पास नाले में सड़ी हुई लाश मिली थी. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि व्यक्ति की गर्दन और सिर पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया था. इसके बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था.

**कपड़ों से आरोपियों की पहचान**

उन्होंने कहा कि पुलिस ने एफआईआर में दर्ज कपड़ों के विवरण के आधार पर आरोपियों की पहचान की. पुलिस जांच के दौरान पता चला कि हाल ही में गोरेगांव से एक दंपति और एक महिला गायब हो गए हैं.

जांच करते हुए पुलिस ने सभी आरोपियों को गुजरात के वापी जिले से पकड़ लिया गया. पुलिस की पूछताछ के दौरान दंपति ने पुलिस को बताया कि उन्हें मजदूर की पत्नी ने मारने के लिए पैसे का लालच दिया था. शुरूआती जानकारी के अनुसार, मजदूर की पत्नी ने दंपति को 1 लाख रुपये देने का वादा किया था और उन्हें 20,000 रुपये एडवांस में भी दिए थे.


IN THE METROPOLITAN MAGISTRATE'S 66TH COURT,
ANDHERI
MUMBAI

NOTICE NO. 145/N/2023\

RUKHMINI DEVSINGH BHANDARI ... APPLICANT

VS

THE WARD OFFICER

"L' WARD MUMBAI ....Respondent

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the public at large that an application has been filled before this court by applicant **RUKHMINI DEVSINGH BHANDARI** for her date of birth, she is born on **07/05/1989**.

Any person having any objection in respect of the said matter is hereby required to file objection/ say within 15 days from the date of publication, before metropolitan magistrate, 66th court, Andheri Mumbai.

Given under my hand and seal of this court.

Dated this 18th day of February 2023

SEAL

By order
SD/-
Judicial clerk,
Metropolitan magistrate
66th court, Andheri, Mumbai



# ग्लोइंग स्किन के लिए इस्तेमाल करें दूध और शहद का फेसपैक

धूप और धूल की वजह से स्किन काफी डैमेज हो जाती है। आजकल की भागदौड़ और व्यस्त जिंदगी में अकसर आप अपनी स्किन पर ध्यान नहीं दे पाती हैं और स्किन के ये दोनों दुश्मन और भी भारी पड़ते हैं। आपकी स्किन डल, ड्राई और रफ हो जाती है। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप भले महंगे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हों लेकिन चेहरे के लिए नैचरल फेसपैक्स से बेहतर और क्या हो सकता है। स्ट्रेस, धूल, धूप जैसी प्रॉब्लम्स से आपकी स्किन को बचाने के लिए दूध और शहद का फेसपैक ही काफी है। आज भले ही लोग निखार पाने के लिए मंहगे प्रॉडक्ट्स का सहारा लेते हैं लेकिन दूध-शहद जैसी चीजों का इस्तेमाल पुराने समय से होता आ रहा है। आइए, आपको मिल्क-हनी फेसपैक के बारे में बताते हैं।

आजकल की भागदौड़ और व्यस्त जिंदगी में अकसर आप अपनी स्किन पर ध्यान नहीं दे पाती हैं और स्किन के ये दोनों दुश्मन और भी भारी पड़ते हैं। आपकी स्किन डल, ड्राई और रफ हो जाती है। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप भले महंगे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हों लेकिन चेहरे के लिए नैचरल फेसपैक्स से बेहतर और क्या हो सकता है।



### इसके फायदे

यह नैचरल मॉइश्चराइजर के रूप में काम करता है। 1-2 दिन में ही आपको इसका असर देखने को मिलेगा। आपकी स्किन सॉफ्ट और निखरी हुई दिखेगी। यह आपके कई ऐसे प्रॉबलम्स को भी दूर कर सकता है जिससे आप लंबे समय से जूझ रही हों।

### पिंपल्स

अगर आप मुहांसों और पिंपल्स से परेशान हैं तो हनी-मिल्क फेसपैक आपकी मदद कर सकता है।

### ऐंटी-एजिंग

इस फेसपैक से रिंकल्स और फाइन लाइन्स भी दूर होते हैं। ऐसे में यह एक बेहतरीन ऐंटी एजिंग साबित हो सकता है।

### कैसे बनाएं

एक कटोरे में आधा कप दूध लें और इसमें 2-4 चम्मच शहद मिलाएं। इसे अच्छे से मिलाकर एक पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे और गले में लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद इसे पानी से धो लें और साफ तौलिए से चेहरा पोछ लें।

# रिश्ते में नकारात्मकता को करें दूर

हम सभी के साथ ऐसा होता है, जब एक समय पर आकर प्यार भरा रिश्ता नकारात्मकता से भर जाता है। हर रिश्ते में इसकी वजह अलग-अलग हो सकती है। लेकिन समाधान करने के तरीके लगभग एक जैसे ही हैं। अगर आपको भी अपने रिश्ते से ऊब होने लगी है या प्यार में वो पहले वाला स्पार्क नहीं रहा है तो आपको कुछ बातों पर ध्यान देने की जरूरत है...

हम सभी अपनी बॉडी, अपने करियर और अपनी फिनैन्स प्लानिंग के लिए डीटॉक्स प्लानिंग रखते हैं। लेकिन क्या ऐसा कोई प्लान हम अपने रिश्ते के लिए भी बनाते हैं? ज्यादातर लोगों का जवाब होगा कि हमने ऐसा कोई प्लान नहीं बनाया है। लेकिन ऐसा प्लान बनाना जरूरी है। हम सभी की अपने रिश्ते से कुछ अपेक्षाएं होती हैं। हम अपने पार्टनर से बहुत कुछ चाहते हैं और सभी अपेक्षाएं पूरी ना होने पर नकारात्मकता हमें घेरने लगती है। ऐसे में हम सिर्फ अपने पार्टनर की कमियां देखने लगते हैं। लेकिन इस समय जरूरत इस बात पर भी गौर करने की भी होती है कि हमारा पार्टनर हमसे जो चाहता है, क्या हम उसकी अपेक्षाएं पूरी कर पा रहे हैं!

अगर आपका प्यार भरा रिश्ता किसी बुरे दौर से गुजर रहा है तो आप दोनों साथ बैठकर शांत मन से बात करें। प्लान करें कि आप दोनों अपने रिश्ते से क्या चाहते हैं। जो दिक्कतें है वे क्यों आ रही हैं और उनकी समाधान क्या है? दोनों एक-दूसरे से अपनी इच्छाएं जरूर बताएं। फिर दोनों पार्टनर की इच्छा का सम्मान करते हुए सुधार का प्रयास करें। ऐसा करना आपके रिश्ते के लिए किसी टॉनिक की तरह होगा। सेक्स तभी जब दोनों की इच्छा हो

ज्यादातर कपल्स को लगता है कि अगर रिश्ते में बोरियत आ रही है तो सेक्स के द्वारा इसे दूर किया जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं होता है। जब तक मन शांत ना हो रिश्ते में प्यार को रिवाइव नहीं किया जा सकता है। हां, खराब मूड के साथ ज्यादा सेक्स करना आपके बीच दूरी बढ़ने की वजह जरूर बन सकता है। साथ में वक्त बिताएं, बातें करें। चीजें ठीक होने लगेंगी।




### बात करें और दिक्कत सुलझाएं

आपका आज किन्हीं कारणों से खराब है और आप अपने लगातार खराब हो रहे रिश्ते को एक बेहतर कल की उम्मीद में ढो रहे हैं। ऐसा ना करें। चीजें ठीक तभी होंगी जब आप उन्हें ठीक करने की कोशिश करेंगे। जैसे बिना कुछ कहे आप अपने पार्टनर के मन की बात नहीं समझ सकते, ठीक वैसे ही वह भी आपके बिना बताए यह नहीं जान पाएगा कि इस दौर में आपके मन में क्या चल रहा है। बात करें और दिक्कत सुलझाएं।

### ऐसा रिश्ता छोड़ना बेहतर


अगर आपको लगता है कि यहां बताए गए सभी काम आप कर चुके हैं। लेकिन आपका पार्टनर आपको समझने और चीजें सुधारने के लिए तैयार नहीं है। तो हम आपसे खुद को धोखा देने के लिए नहीं



कहेंगे। मजबूत इच्छा शक्ति के साथ ही किसी रिश्ते को बेहतर बनाया जा सकता है। अगर आपका पार्टनर किसी भी तरह की गलत बातों और आदतों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है तो आपको एक खुशनुमा जिंदगी का चुनाव करने का पूरा हक है।

### नई शुरुआत के लिए कभी देर नहीं

अगर आपको लगता है कि आप लंबे समय से रिश्ते का बुरा दौर देख रहे हैं। तो हो सकता है कि नकारात्मकता आपके मन पर भी हावी हो गई हो। खुद को शांत करें और फिर सोचें कि आप अपने जीवन को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। याद रखें कि जीवन में नई शुरुआत के लिए कभी देर नहीं होती। हर किसी को अच्छी जिंदगी जीने का पूरा हक है।



# महाराष्ट्र में बीजेपी को झटका, यूपी में 5 में से 4 सीटों पर जीती बीजेपी

**महाराष्ट्र :** यूपी और महाराष्ट्र में विधान परिषद शिक्षक और स्नातक के चुनाव हुए. यूपी की पांच सीटों पर 30 जनवरी को चुनाव हुए थे, इन चुनावों को लेकर गुरुवार (2 फरवरी) को मतगणना हुई. यूपी में पांच में से चार सीटों पर रिजल्ट आ चुका है, तो वहीं महाराष्ट्र में विपक्ष के एमवीए ने दो, और निर्दलीय उम्मीदवारों ने एक सीट जीत ली. महाराष्ट्र में बीजेपी को महज एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा, हालांकि खबर लिखे जाने तक बीजेपी ने यूपी में चार सीटों पर जीत दर्ज कर ली, कानपुर शिक्षक खंड में निर्दलीय उम्मीदवार राज बहादुर सिंह चंदेल ने छठवीं बार जीत दर्ज की है. इन सीटों पर बीजेपी और सपा के बीच सीधी टक्कर देखने को मिल रही है.

**कैसा रहा यूपी का रिजल्ट?**

बीजेपी ने बरेली-मुरादाबाद



खंड स्नातक पर जीत की हैट्रिक लगाई है. इस एमएलसी सीट पर बीजेपी के डॉक्टर जय पाल सिंह व्यस्त ने बड़े अंतर से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को हराया है. बीजेपी प्रत्याशी ने 51,257 वोटों के अंतर से बड़ी जीत दर्ज की. खबर लिखे जाने तक यूपी की कानपुर-उन्नाव शिक्षक सीट से अरुण पाठक, कानपुर शिक्षक खंड से राजबहादुर सिंह चंदेल, झांसी-प्रयागराज निर्वाचन क्षेत्र और गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक सीट से बीजेपी प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है. यूपी एमएलसी की पांच सीटों का कार्यकाल 12 फरवरी को खत्म होगा. जिन सीटों पर चुनाव हुआ है, उनमें गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक सीट, कानपुर-उन्नाव शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, कानपुर मंडल की स्नातक सीट, झांसी-प्रयागराज निर्वाचन क्षेत्र और बरेली-मुरादाबाद स्नातक सीट हैं. पांच एमएलसी सीटों के लिए 60 से अधिक उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं.

**कैसा रहा महाराष्ट्र का हाल?**

बीजेपी के ज्ञानेश्वर म्हात्रे को कोंकण मंडल शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विजयी घोषित किया गया, नासिक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी सत्यजीत तांबे विजयी रहे, उन्होंने एमवीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार शुभांगी पाटिल को हराया.

नागपुर मंडल शिक्षक सीट पर बीजेपी समर्थित उम्मीदवार को विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के हाथों हार का सामना करना पड़ा. उन्होंने कहा कि एमवीए समर्थित उम्मीदवार सुधाकर अडबले ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नागोराव गनार को हराकर नागपुर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की, बीजेपी समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी गनार इस सीट से मौजूदा एमएलसी है. औरंगाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के उम्मीदवार विक्रम काले ने जीत दर्ज की. अमरावती स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी लिंगाडे बीजेपी प्रत्याशी रंजीत पाटिल से आगे चल रहे हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### मकोका के तहत 2010 में दर्ज मामले में 5 आरोपी बरी



**ठाणे :** ठाणे की एक अदालत ने डकैती और हमले के आरोप में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून ( मकोका ) के तहत दर्ज मामले में पांच लोगों को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष किसी भी स्वतंत्र गवाह को पेश करने में विफल रहा और केवल पुलिस एवं आरोपियों के इकबालिया बयानों पर भरोसा किया। विशेष अदालत के न्यायाधीश अमित एम. शेटे ने मंगलवार को पारित आदेश में आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया और निर्देश दिया कि अगर किसी अन्य मामले में जरूरत नहीं हो तो उन्हें तुरंत रिहा किया जाए।

### ट्रक से टकराई कार, एक व्यक्ति की मौत



**पालघर :** पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर बृहस्पतिवार सुबह एक कार की ट्रक से टक्कर हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में कार सवार 38 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मांडवी पुलिस थाने के एक अधिकारी के मुताबिक गुजरात के रहने वाले अरुण कुमार पारेख मुंबई की ओर जा रहे थे, तभी सुबह करीब साढ़े नो बजे विरार के पास कार का टायर फटने के कारण वो वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठे। पुलिस के मुताबिक घटना के समय कार खानीबडे पुल से गुजर रही थी और वह डिवाइडर को पार कर विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसे में पारेख की मोके पर ही मौत हो गई। अधिकारी के कहा कि घटना के बाद लगभग एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

## अनिल देशमुख की कोर्ट में अर्जी, की नागपुर जाने की मांग...!



**महाराष्ट्र :** जैसा की हम सब जानते है पूर्व मंत्री और एनसीपी विधायक अनिल देशमुख फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। लेकिन जानकारी के लिए आपको बता दें कि देशमुख को जमानत देते हुए कोर्ट ने कई शर्तें लगाई थीं। जी हां और इनमें से एक बड़ी शर्त यह है कि उन्हें मुंबई से बाहर जाने के लिए कोर्ट से इजाजत लेनी होगी। ऐसे में अब अनिल देशमुख ने विशेष अदालत में अर्जी दी है। इस अर्जी के जरिए अनिल देशमुख ने कोर्ट से अनुरोध किया है कि उन्हें नागपुर जिले में जाने के लिए चार सप्ताह की अनुमति दी जाए। यह देखना अहम होगा कि क्या विशेष अदालत अनिल देशमुख की अर्जी स्वीकार कर उन्हें नागपुर जिले में जाने की इजाजत देगी या फिर नहीं।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ जमकर नारेबाजी,

## साहित्य सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान हुई घटना...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के वर्धा के स्वावलंबी मैदान में 3 से 5 फरवरी के दौरान अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया है.। जिसका उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री शिंदे की स्पीच के दौरान कार्यक्रम में अजीबोंगरीब घटना हुई। जिसका एक वीडियो सामने आया है।

दरअसल, वर्धा में साहित्य सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान विदर्भ राज्य की मांग को लेकर दो लोगों ने सीएम एकनाथ शिंदे के सामने जमकर नारेबाजी की। इस घटना के बाद पुलिस



ने नारेबाजी करने वाले दोनों शख्स को हिरासत में लिया। इस दौरान वीडियो में आप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को कहते हैं हुए सुन सकते हैं कि ये सरकार सभी सामान्य लोगों की सरकार है।

अगर उनके मन में कुछ है तो हम जरूर सुनेंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने भाषण के दौरान यह भी कहते हैं कि आज साहित्य सम्मेलन है। जो लोग भी यहां आये हैं हमें उनका सत्कार करना चाहिए। अपने-अपने मतभेद जाहिर करने के लिए दूसरे दिन भी हैं।

वीडियो में आप देख सकते हैं कि नारेबाजी के बाद पुलिस दोनों शख्स को पकड़ कर बाहर ले जाते हुए नजर आ रही है। गौरतलब है कि साहित्य प्रेमियों, पाठकों और मेरा मराठी 96वां अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन 3 फरवरी यानी आज से महात्मा गांधी साहित्य नगरी वर्धा में शुरू हुआ है।

## बलात्कार मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**पनवेल :** 20 वर्षीय बार डांसर के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद फरार हुए सूरज मारुति देवड़े उर्फ वाकड्या (22) नामक आरोपी को पनवेल शहर पुलिस ने नवीन पनवेल इलाके से बुधवार आधी रात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में अविनाश चव्हाण (22) नामक एक अन्य आरोपी को घटना के चंद घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया था। इस घटना की शिकार पीड़िता, जो एक बार में डांसर के तौर पर काम करती थी, बीती रात करीब 1 बजे अपनी सहेली के साथ खाना खाने पनवेल आई थी। शनिवार को खाना खाने के बाद पीड़िता की सहेली चली गई और वह रिक्शा का इंतजार कर रही थी। उस समय दोनों आरोपी अविनाश ओर सूरज पीड़िता को अपने रिक्शे में करंजदे पर छोड़ने के बहाने एक मॉल के पीछे ले गए।

CMYK

# महाराष्ट्र क्राईम्स

मुंबई, 05 फरवरी 2023

समाचार 8

## स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन की सप्लाई पर टेंडर को चुनौती,

# बॉम्बे हाई कोर्ट में खारिज की याचिका

**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक स्टार्ट-अप मालिक द्वारा दायर की गई उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के लगभग 9,000 स्कूलों को सैनिटरी नैपकिन की आपूर्ति पर सरकारी निविदा को चुनौती दी गई थी.

### टेंडर की शर्तों को लेकर जताई गई थी आपत्ति

दरअसल 69 वर्षीय एक स्टार्ट-अप के मालिक ने राज्य सरकार के 9,940 सरकारी स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन की आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए टेंडरों में लगाई गई शर्तों को चुनौती दी थी, जिसे कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस वी गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति संदीप मार्ने की बैंच ने यह कहते हुए खारिज कर



दिया कि छात्रों की स्वच्छा और सुरक्षा महत्वपूर्ण इसलिए सैनिटरी नैपकिन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए टैंडरों में ये शर्तें आवश्यक हैं.

### टेंडर की शर्तों में कुछ भी गलत नहीं- कोर्ट

कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि स्कूली लड़कियों की सुरक्षा और स्वच्छता महत्वपूर्ण है और उस उद्देश्य के लिए गुणवत्ता को बनाए रखना होगा. कोर्ट ने कहा कि हमें टेंडर की शर्तों में कुछ भी गलत नहीं मिला. दरअसल सरकार ने अपने टेंडर में शर्त रखी थी की बोली लगाने वालों के पास सैनिटरी नैपकिन सप्लाई करने का तीन साल का अनुभव और उस कंपनी का सालाना टर्नओवर 12 करोड़ रुपए होना चाहिए. वहीं सरकार की ओर से पेश हुए वकील बीवी सामंत ने कोर्ट को बताया कि टेंडर में यह शर्त इसलिए रखी गई है ताकि उत्पाद की गुणवत्ता बनी रहे. जजों की बैंच अपने आदेश में कहा कि यह प्रोजेक्ट छात्राओं की सेफ्टी और उनकी सुरक्षा के लिए है. कोर्ट ने कहा कि यह परियोजना महाराष्ट्र के सरकारी स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन की आपूर्ति से संबंधित है.

# मुंबई में आतंकी हमले की धमकी

## खुद को तालिबानी बताने वाले ने भेजा NIA को मेल, अलर्ट जारी...



**मुंबई :** मुंबई में आतंकी हमले की धमकी दी गई है. एनआईए को धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद देश के अलग-अलग शहरों को अलर्ट किया गया है. एनआईए ने इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को भी दी है. प्राथमिक जांच में पता चला कि NIA को जो ईमेल आया था वो पाकिस्तान के सर्वर का इस्तेमाल कर भेजा गया था.

गुरुवार (2 फरवरी) को NIA के ईमेल आईडी पर एक ईमेल आया जिसमें आतंकी हमले का मैसेज लिखा हुआ था. ईमेल करने वाले ने खुद को तालिबानी बताया और दावा किया कि तालिबान संगठन के प्रमुख नेता सिराजुद्दीन हक्कानी के आदेश पर इस मेल को भेजा गया है. धमकी भरे ईमेल की जानकारी मिलते ही मुंबई पुलिस को इसके बारे में बताया गया. धमकी भरे ईमेल की सूचना मिलते ही इसके ओरिजिनल सोर्स की तलाश शुरू की गई तो इसके पाकिस्तान के सर्वर से आने की जानकारी मिली. वहीं, देश के अलग-अलग शहरों में अलर्ट जारी किया गया है.

### कौन है सिराजुद्दीन हक्कानी

सिराजुद्दीन हक्कानी तालिबान के सबसे खतरनाक गुट हक्कानी नेटवर्क का मुखिया है. अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद इसे कार्यकारी गृहमंत्री बनाया गया है. इसके साथ ही यह तालिबान में नंबर 2 के नेता की हैसियत रखता है. तालिबान में हक्कानी नेटवर्क का खासा असर है. अमेरिकी जांच एजंसी एफबीआई ने हक्कानी की लोकेशन के बारे में सूचना देने वाले को 10 मिलियन डॉलर देने का इनाम रखा है.

# मुंबई की सड़क पर छात्र की चाकू मारकर हत्या



**मुंबई :** चूनाभट्टी पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय एक कॉलेज छात्र की गुरुवार शाम मुंबई की सड़क के बीच में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान चेंबूर इलाके के रहने वाले मुख्तार शेख के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम साढ़े छह बजे के करीब दो युवकों ने शेख को चाकू मार दिया और मौके से फरार हो गए। आरोपी फिलहाल फरार हैं।

पुलिस ने बताया कि बुरी तरह जख्मी हालत में लोग छात्र को नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. पीड़िता जाहिर तौर पर मुंबई के चूनाभट्टी इलाके में कॉलेज से घर लौट रही थी। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में प्रेम प्रसंग का एंगल है। एक लड़की पहले एक लड़के से प्यार करती थी, लेकिन वह उसे छोड़कर मृतक (मुख्तार शेख) से प्यार करने लगी, जिसके चलते लड़की के पुराने प्रेमी ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया।

# केंद्रीय मंत्री नारायण राणे की मुश्किलें बढ़ीं...

## संजय राउत ने भेजा मानहानि का नोटिस

**महाराष्ट्र :** केंद्री मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता नारायण राणे की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, संजय राउत ने उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है। राउत ने आरोप लगाया है कि राणे ने 15 जनवरी, 2023 को उनके खिलाफ अपमानजनक, दुर्भावनापूर्ण और झूठी टिप्पणी की जिससे उनकी छवि को ठेस पहुंची है। संजय राउत के वकील अधिवक्ता सार्थक पी शेट्टी



राउत ने इसकी जानकारी दी है। राउत ने कहा कि राणे को अपने आरोप साबित करने चाहिए या फिर उनसे माफी मांगनी चाहिए। राउत ने एक ट्वीट में कहा कि नारायण राणे मेरे और शिवसेना के खिलाफ निराधार आरोप लगा रहे हैं। उन्हें अपना आरोप साबित करना चाहिए या फिर माफी मांगनी चाहिए। मैंने अपने वकील सार्थक शेट्टी के माध्यम से उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है। जय महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के वर्धा में साहित्य सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान विदर्भ राज्य की मांग को लेकर दो लोगों ने सीएम एकनाथ शिंदे के सामने जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया।

# 10 लाख के नकली सिक्के के साथ एक गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई के मालाड इलाके में मुंबई पुलिस और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 10 लाख रुपये के नकली सिक्कों के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया है. आरोपित की पहचना जिग्रेश गाला (42 वर्ष) के रूप में की गई है.

सूत्रों के अनुसार दिल्ली पुलिस ने हरियाणा में छापा मार कर नकली सिक्के बनाने वाली कंपनी का पदार्फाश किया था. इसकी छानबीन में पता चला कि मुंबई के मालाड इलाका स्थित पुष्पानगर में भी बड़े पैमाने पर नकली सिक्कों का



धंधा किया जाता है. इसी जानकारी के आधार पर दिल्ली पुलिस और मुंबई पुलिस ने संयुक्त रूप से मालाड के पुष्पानगर स्थित वल्लभ सोसाइटी में छापा मारकर 9 लाख 46 हजार रुपये के नकली सिक्के बरामद कर आरोपित जिग्रेश गाला को गिरफ्तार किया. छानबीन में पता चला है कि नकली सिक्के धार्मिक स्थलों के पास चलाए जाते हैं.

इस मामले में पुलिस दो अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है.

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक, मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स, ४९६, पंचशील नगर१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३ से प्रकाशित किया । RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

संपादक सिराज चौधरी मो. ७७७७०६०६८७ www.maharashtracrimes.in / www.maharashtracrimes.blogspot.in Email : editor@maharashtracrimes.in / maharashtracrimes@gmail.com

CMYK